# MODEL PAPERS

# हिंदी (द्वितीय भाषा)

# HINDI (SECOND LANGUAGE)

## नमूना प्रश्न पत्र - 1 : 2025 - 2026

## MODEL QUESTION PAPER - 1 : 2025 - 2026

Time : 3 Hrs.15mts. [ Max. Marks : 100

**सूचना :**

i) प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

ii) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।

iii) प्रश्न पत्र में चार भाग हैं ।

iv) भाग ii, iii और iv में अंतरिक विकल्प हैं ।

### भाग - I

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**
**(प्रश्न संख्या 1 से 5 तक अनुच्छेद के पहले प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना ेगा। आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा ।)**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5 M**

वैज्ञानिक, भूवैज्ञानिक थे। वे अपने दोस्तों के साथ बगीचे में बैठे पानी की इस समस्या पर चर्चा कर रहे थे। कुछ देर बाद शाम ढल गयी और सभी लोग अपने-अपने घर चले गये। प्रो. दीपेश वहीं लान बर बैठे आकाश की ओर देखकर कुछ सोच रहे थे कि अचानक उनकी नज़र एक तारे पर पडी जो नाचता हुआ पृथ्वी की ओर आ रहा था ।

**प्रश्न :**

अ) वैज्ञानिक किस समस्या के बारे में चर्चा कर रहे थे ? 2M

आ) प्रो दीपेश किसके के साथ बैठे थे ? (   ) 1M

A) माता B) पिता C) भाई D) दोस्तों

इ) पृथ्वी की ओर क्या आ रहा था ? (   ) 1M

A) नाव B) हवाई जहाज C) तारे D) पक्षी

ई) तारे को देखकर पहले किसको संदेह हुआ ? (   ) 1M

A) दीपेश B) निवेश C) भूपेश D) रूपेश

**2. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे ।
सत्य, अहिंसा, समर्पण की बगिया महकायेंगे ।
जग के सारे क्लेश मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनायेंगे ।
विश्वबंधुत्व का मूल मंत्र हम, दुनिया में सरसायेंगे ।

**प्रश्न :**

अ) भारतवासी कैसी बगिया को महकाना चाहते हैं ? 2M

आ) धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं । ( ) 1M

A) प्रेम को मिटाकर B) क्लेश को मिटाकर

C) सत्य को मिटाकर D) विश्वबंधुत्व को मिटाकर

इ) भारतवासी श्रद्धा और प्रेम का दृश्य कहाँ दिखाना चाहते हैं ? ( ) 1M

A) घर में B) काम में C) त्याग में D) मन में

ई) भारतवासी कौन-सा मूल मंत्र दुनिया में सरसाना चाहते हैं ? ( ) 1M

A) विश्व बंधुत्व का B) अहिंसा का C) समर्पण का D) श्रद्धा का

**3. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

मंडेला को लोकतंत्र के प्रथम संस्थापक और उद्धारक के रूप में देखा जाता था। नेल्सन मंडेला दक्षिण आफ्रीका में प्रायः मदीबा कहकर बुलाया जाता है। यह शब्द बुजुर्गों के लिए सम्मान सूचक है। उन्हें अब तक 250 से भी अधिक राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है ।

**प्रश्न :**

अ) मंडेला को लोग कैसे देखते है ? 2M

आ) आफ्रीका में बुजुर्गों का सम्मान सूचक शब्द क्या है ? ( ) 1M

A) मदीबा B) अनुबा C) तेरेसा D) जयबा

इ) मंडेला को कितने पुरस्कार मिले है ? ( ) 1M

A) 250 B) 255 C) 265 D) 225

ई) दक्षिण आफ्रीका में लोकतंत्र के उद्धारक कौन हैं ? ( ) 1M

A) मंडेला B) गांधी C) तेरेसा D) पटोल

**4. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

सूरज पूर्व दिशा से उगता है और अपनी किरणों से पृथ्वी को प्रकाश देता है। सुबह का समय अध्ययन और व्यायाम के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। प्रकृति की सुंदरता सुबह के समय देखने योग्य होती है। इसलिए बच्चों को सुबह उठना है ।

**प्रश्न :**

अ) सुबह का समय किस के लिए उत्तम माना जाता है ? 2M

आ) सूरज किस दिशा में उगता है ? ( ) 1M

A) पूरब B) पश्चिम C) उत्तर D) दक्षिण

इ) प्रकृति की सुंदरता कब देखने योग्य है ? ( ) 1M

A) दोपहर में B) शाम में C) रात में D) सुबह में

ई) सूरज की किरणें हमें क्या देती है ? ( ) 1M

A) प्रकाश B) छाया C) ठंडा D) अंधकार

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5 M**

नीले अंबर में उड़ती पतंग
लहराए रंग-बिरंग ।
देख उसे मै मुस्काऊँ,

ऊँचाई तक उसे पहुँचाऊ ।
हवा करे जब झोंका तेज,
पतंग बोले - मै हूँ शेर ।

**प्रश्न :**

अ) पतंग ने क्या बताया ? **2M**

आ) पतंग कहाँ उड़ती है ? ( ) **1M**

A) बारा में B) नीले अंबर में
C) छत पर D) बार में

इ) पतंग का रंग कैसा है ? ( ) **1M**

A) सफेद B) नीला C) पीला D) रंग-बिरंग

ई) हवा की झोंक किसे ऊपर पहुँचाती है ? ( ) **1M**

A) अंबर को B) पतंग को C) शेर को D) मुस्कान को

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए।** **5×1 = 5M**

श्री प्रकाश हिंदी के जाने-माने लेखक हैं। इन्होंने विज्ञान विषय संबंधी ढेर सारे निबंध लिखे हैं। इनके निबंध विचारोत्तेजक हैं। प्रस्तुत रचना संचार माध्यमों के लिए विज्ञान नामक पुस्तक से ली गयी है।

**प्रश्न :**

अ) हिंदी के जाने-माने लेखक ....... है ।
आ) श्री प्रकाश .............. भाषा के जाने माने लेखक है ।
इ) प्रकाश जी ................. विषय के निबंध लिखे है ।
ई) विचारोत्तेजक निबंध ......... ने लिखा ।
उ) विज्ञान के संबंध में ............ ने अधिक निबंध लिखे ।

**संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए ।** **5×1 = 5M**

**7. बिहारी :**

i) जन्म 1595 में
ii) मृत्यु 1663 में
iii) सतसई
iv) दोहे नीतिपरक
v) गागर में सागर भरना

**(या)**

**आर.पी.निशंक**

i) आधुनिक हिंदी साहित्यकार
ii) देशभक्ति
iii) मातृभूमि के लिए
iv) गेय कविता
v) समर्पण, नवंकुर

## भाग - II

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए ।** 4×4 = 16M

8. कवि मेहनत करने वालों को सदा आगे रखने की बात क्यों कह रहे हैं ?

(या)

कहि रहीम संपति ............. साँछे मीत ।। - दोहे पूर्ति कीजिए ।

9. ''आल्हा'' लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?

(या)

संस्कृतिक दृष्टि से हिंदी का क्या महत्व है ?

10. गोदावरी नदी के टापुओं की क्या विशेषता है ?

(या)

कलाम जी भ्रष्टाचार के उन्मूलन में कौन सा सुझाव दिया ?

11. चित्रा ने विदेश जाकर क्या किया ? आप के विचार में उसका विदेश जाना सही था। क्यों ?

(या)

राजा कुमार वर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुयी होगी ?

## भाग - III

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**
**किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए ।** 1×8 = 8M

12. बरसते बादल कविता में कवि ने सावन का वर्णन किस प्रकार किया ?

(या)

रैदास के पदों का भाव स्पष्ट कीजिए ।

**किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए ।** 1×8 = 8M

13. हामिद अपनी दादी का दु:ख दूर करना क्यों चाहा ? ईदगाह कहानी के द्वारा स्पष्ट कीजिए ।

(या)

टेसी थॉमस अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानती हैं। क्यों ?

## भाग - IV

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**
**किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** 1×8 = 8M

14. रमेश गुंटूर में रहता है। रमेश की बहन (सरला) की शादी तिरुपति में होने वाली है। रमेश विवाह समारोह में भाग लेना चाहता है। तथ्य को आधार बनाकर प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

(या)

विहार यात्रा को जाने के लिए अनुमति और पैसे माँगते हुए पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

15. **किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यें में लिखिए ।** 1×8 = 8M

अ) स्वच्छता अभियान

आ) शिक्षक दिवस

इ) पुस्तकालय

ई) विज्ञान से लाभ और हानी

## भाग - V (भाषा की बात)

**निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।** 15×1 = 15

16. ईद के दिन सूरज बहुत सुन्दर दिखाई देता है । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| सुर्य | सूर्य | सौर्य |

17. सावन के मेघ झम-झम बरसते हैं । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| सावन | झम-झम | बरसते |

18. पंद्रह सौ छप्पन - (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1566 | 1556 | 1656 |

19. झांसी की सेना विलासिता ..... डूबी हुई है। (सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| को | में | से |

20. पकड़ वारी की धार झूलता है मेरा मन । (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| पानी | खाना | फल |

21. बच्चों में त्याग और सद्भाव के गुण निहित है । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| हेय | स्वार्थ | सामंजस्य |

22. बगुलों के चरण चिहन् टापुओं पर निक्षिप्त हैं । (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | तत्पुरुष समास | द्विगु समास |

23. टेसी थॉमस निस्संदेह कलाम को अपना गुरु मानती है । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| निः + संदेह | निस + संदेह | निर + संदेह |

24. अनपढ़ व्यक्ति भी लोकगीत आसानी से गा सकते है । (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| अ | अपढ़ | अन |

25. भारतवासी ईमानदारी से अपना धर्म निभाते हैं । (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| ई | री | दारी |

26. लड़के खिलौनों की दूकान पर धावा बोल दिया । (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| धावा बोलना | खिलौना देना | आक्रमण करना |

27. छात्र अपने शिक्षक को आदर्श मानकर आगे बढ़ता है । (इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| छात्रा अपनी शिक्षिका को आदर्श मानकर आगे बढ़ती है। | छात्र अपने शिक्षकी को आदर्श मानकर आगे बढ़ता है। | छात्रा अपने शिक्षके को आदर्श मानकर आगे बढ़ता है । |

28. लड़की गाना गाती है । (इस वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| लड़कियाँ गाना गाती हैं । | लड़कियाँ गाना गाते हैं । | लड़कीयाँ गाना गाते हैं । |

29. लोग सुख-चैन से रह रहे थे। (इस वाक्य का भविष्यत काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| लोग सुख-चैन से रहते हैं । | लोग सुख-चैन से रह रहे हैं। | लोग सुख-चैन से रहेंगे । |

30. हम कसरत करना चाहिए । (इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| हम से कसरत करना चाहिए | हमें कसरत करना चाहिए। | हमने कसरत करना चाहिए। |

# हिंदी (द्वितीय भाषा)

# HINDI (SECOND LANGUAGE)

## नमूना प्रश्न पत्र - 2 : 2025 - 2026

## MODEL QUESTION PAPER - 2 : 2025 - 2026

Time : 3 Hrs.15mts. [ Max. Marks : 100

**सूचना :**

i) प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

ii) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।

iii) प्रश्न पत्र में चार भाग हैं ।

iv) भाग ii, iii और iv में अंतरिक विकल्प हैं ।

### भाग - I

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**(प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहले प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा ।)**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5 M**

हामिद अपनी दादी अमीना की गोदी में सोता है। दादी हामिद से कहती है कि उसके अब्बाजान रुपये कमाने गये हैं। अम्मीजान अल्लाह मियाँ के घर से उसके लिए बहुत सी अच्छी चीजें लाने गयी हैं। आशा तो बड़ी चीज है। हामिद के पाँव में जूते नहीं हैं, सिर पर एक पुरानी टोपी है, जिसका गोटा काला पड़ गया है। फिर भी वह प्रसन्न है ।

**प्रश्न :**

अ) हामिद की दादी का नाम क्या है ? 2M

आ) हामिद के सिर पर क्या है ? ( ) 1M

A) टोपी B) थैली C) रुमाल D) कपडा

इ) हामिद किसकी गोद में सोता है ? ( ) 1M

A) मामी B) चाची C) दादी D) नानी

ई) हामिद के पाँव में क्या नहीं हैं ? ( ) 1M

A) घुँघुरु B) डोरी C) कंकण D) जूते

**2. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,
आओ रे सब मुझे घेरकर गाओ सावन।
इंद्रधनुष के झूले में झूलें मिल सब जन,
फिर-फिर आये जीवन में सावन मनभावन ॥

**प्रश्न :**

अ) कवि का मन किसकी धार पकडना चाहता है ? **2M**

आ) कवि कौन से झूले में झूलने को कहते हैं ? ( ) **1M**

A) पेड के B) इंद्रधनुष के C) लोहे के D) लकड़ी के

इ) कवि बच्चों को घेरकर कौनसे गीत गाने को कहते हैं ? ( ) **1M**

A) गरबा के गीत B) लोकगीत
C) बारह मासा के गीत D) सावन के गीत

ई) प्रस्तुत पद्यांश के कवि कौन है ? ( ) **1M**

A) सुमित्रानंदन पंत B) आर.पी.निशंक C) रामधारी सिंह दिनकर D) रैदास

**3. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

जब भी कोई कठिनाई में होता तो राजू सबसे पहले उसकी मदद के लिए पहुँच जाता। उसके पुराने स्कूल में कभी किसी ने उसकी कमज़ोरी की ओर भी ध्यान नहीं दिया। उसकी टांगें बहुत पतली और दुर्बल थी। उसके घुटनों में शक्ति नहीं थी और अधिक समय तक वे उसके शरीर का भार बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं।

**प्रश्न :**

अ) प्रस्तुत गद्यांश में किस बालक के बारे में कहा गया है ? **2M**

आ) जो कठिनाई में होता उसकी मदद के लिए कौन पहुँच जाता ? ( ) **1M**

A) मोहन B) राजू C) मुन्ना D) वासु

इ) राजू की टांगें कैसी थी ? ( ) **1M**

A) पतली, दुर्बल B) मोटी, बलवान C) छोटी D) लम्बी

ई) राजू की घुटनों में किस का भार बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं ? ( ) **1M**

A) सिर का B) पैरों का C) भुजाओं का D) शरीर का

**4. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5 M**

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी का स्थान प्रमुख है। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 में उडीसा प्राँत के कटक नगर में हुआ। उनके पिताजी श्री जानकीदास बोस एक प्रसिद्ध वकील थे। उनकी

प्राथमिक शिक्षा कटक में हुई। उच्च शिक्षा के लिए वे कलकत्ता गए। बी.ए.के बाद वह आई.सी.एस की परीक्षा पास करने के लिए इंग्लैंड गए ।

**प्रश्न :**

अ) नेताजी कौन-सी परीक्षा पास करने इंग्लैंड गए ? **2M**

आ) सुभाष चंद्रबोस के पिता का नाम क्या है ? ( ) **1M**

A) मोहनदास बोस B) जानकीदास बोस
C) चंडीदास बोस D) देवदास बोस

इ) नेताजी उच्च शिक्षा के लिए कहाँ गए ? ( ) **1M**

A) कलकत्ता B) हैदराबाद C) जापान D) चेन्नई

ई) नेताजी का जन्म कब हुआ ? ( ) **1M**

A) 23 जनवरी 1897 B) 16 अक्टूबर 1957 C) 10 मई 1988 D) 15 अगस्त 1947

## 5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M

चंदा मामा आए रात
लेकर अपनी मीठी बात ।
तारों संग खेला खेल,
छिप गया बादल की रेल ।
आते हमेशा मुस्काये ।
मीठी बातों से हमें सुलाये ।

**प्रश्न :**

अ) चांद रात में क्या लेकर आते हैं ? **2M**

आ) तरों के संग कौन खेलते हैं ? ( ) **1M**

A) सूरज B) चांद C) बादल D) फूल

इ) चंदा मामा हमसे क्या कहते हैं ? ( ) **1M**

A) जागने B) सोने C) खेलने D) बोलने

ई) चंदा मामा कब आते हैं ? ( ) **1M**

A) दिन में B) रात में C) सुबह D) दोपहर में

## 6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए। 5×1 = 5M

विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् 1912 में हुआ। वह आदर्श प्रिय व्यक्ति थे। इन्हें प्रेमचंद परंपरा का आदर्शोन्मुख यथार्थवादी लेखक कहा जाता है। ''आवारा मसीहा'' नामक रचना पर इन्हें सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार ने इन्हें ''पद्म भूषण'' सम्मान से सम्मानित किया है।

**प्रश्न :**

अ) विष्णु प्रभाकर का जन्म ..................... में हुआ ।

आ) विष्णु प्रभाकर ................... व्यक्ति थे ।

इ) विष्णु प्रभाकर को प्रेमचंद परंपरा का ............. लेखक कहा जाता है ।

ई) ................. नामक रचना पर विष्णु प्रभाकर को सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।

उ) भारत सरकार ने विष्णु प्रभाकर को .......... सम्मान से सम्मानित किया है ।

**संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए ।** 5×1 = 5M

**7. श्री सुमित्रानंदन पंत :**

i) जन्म सन् 1900

ii) वीणा, ग्रंथि, पल्लव, गुंजन

iii) प्रकृति के बेजोड़ कवि

iv) ''साहित्य अकादमी'' ''सोवियत रूस'' पुरस्कार

v) निधन सन् 1977

**(या)**

**बिहारी**

i) जन्म सन् 1595

ii) निधन 1663

iii) दोहे नीतिपरक

iv) गागर में सागर

v) बिहारी सतसई

## भाग - II

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए ।** 4×4 = 16M

**8.** रहिमन पानी ................ मानुष चून ।। - दोहे पूर्ति कीजिए ।

**(या)**

हमे अपने जीवन में कैसा पथ अपनाना चाहिए ?

**9.** हामिद ने चिमटा क्यों खरीदा ?

**(या)**

भारत में अनेकता में एकता का प्रतीक हिंदी है - संक्षिप्त में लिखिए ।

10. गोदावरी नदी के टापूओं की विशेषताएँ क्या है ?

**(या)**

बच्चों के लिए टेसी थॉमस का संदेश क्या है ?

11. अरुणा व चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में अपने विचार बताइए ?

**(या)**

अकाल की समस्या के परिष्कार के लिए राजा ने क्या क्या उपाय सोचे होंगे ?

## भाग - III

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए ।** 1×8 = 8M

12. काल्पनिक जगत को साकार रूप देने वाला श्रमिक है - ''कण कण का अधिकारी'' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**(या)**

हमारे जीवन में भक्ति भावना के महत्व को रैदास के पद द्वारा स्पष्ट कीजिए ।

**किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए ।** 1×8 = 8M

13. लोकगीतों में मुख्यतः ग्रामीण जनता की मार्मिक भावनाएँ हैं - लोकगीत पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

**(या)**

जल है तो कल है - ''जल ही जीवन है'' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

## भाग - IV

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** 1×8 = 8M

14. सुजीत अपने मित्र रमेश को देखने हैदराबाद जाना चाहता है और वहाँ के ऐतिहासिक स्थानों को देखना चाहता है। तथ्य को आधार बनाकर प्रधानाध्यपक के नाम पत्र लिखिए ।

**(या)**

किसी ऐतिहासिक स्थान की यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यें में लिखिए ।** **1×8 = 8M**

अ)वृक्ष हमारे साथी

आ) विद्यार्थी अनुशासन

इ) पुस्तकालय

ई) दूरदर्शन

## भाग - V (भाषा की बात)

**निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।** **15×1 = 15**

**16.** चंद्र को चकोर चाहता है । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| चाँद | चंद | चंदर |

**17.** स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गाती हैं । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| स्त्रियाँ | गाती | ढोलक |

**18.** पंद्रहसौ छप्पन (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1566 | 1556 | 1576 |

**19.** पहाड़ियों .......... अपने गीत होते हैं । (सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| की | के | का |

**20.** पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी होती जा रही है। (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| धरती | आसमान | अंबर |

**21.** काल्पनिक जगत को साकार रूप श्रमिक ही देता है ।(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| आकार | असाकार | निराकार |

**22.** भारत भूमि साधु-संतों की भूमि है । (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | तत्पुरुष समास | द्विगु समास |

**23.** हिमालय एक विशाल पर्वत है । (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| हिमा + लय | हिम + आलय | हि + मालय |

**24.** कलाम एक <u>सुप्रसिद्ध</u> वैज्ञानिक थे । (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सु | सुप्र | स |

**25.** यह एक <u>ऐतिहासिक</u> घटना प्रधान एकांकी है । (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| क | इक | सिक |

**26.** अमीना का दिल कचोट रहा है । (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| दिल कचोटना | अमीना | रहा है |

**27.** बैल घास चर रहा था । (इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| गाय घास चर रहा था । | गाय घास चर रही थी । | गाय घास चर रहे थे । |

**28.** यह इमारत बहुत मजबूत है । (इस वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| ये इमारत बहुत मजबूत है । | यह इमारतें बहुत मजबूत है । | ये इमारतें बहुत मजबूत हैं । |

**29.** हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे । (इस वाक्य का वर्तमान काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायी । | हम भारतवास दुनिया को पावन धाम बनाते हैं । | हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाती हैं । |

**30.** तुम तुम्हारा काम करो । (इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| तुम उसका काम करो । | तुम अपना काम करो । | तुम अपनी काम कर । |

# हिंदी (द्वितीय भाषा)

# HINDI (SECOND LANGUAGE)

## नमूना प्रश्न पत्र - 3 : 2025 - 2026

## MODEL QUESTION PAPER - 3 : 2025 - 2026

Time : 3 Hrs.15mts. [ Max. Marks : 100

**सूचना :**

i) प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।

ii) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।

iii) प्रश्न पत्र में चार भाग हैं ।

iv) भाग ii, iii और iv में अंतरिक विकल्प हैं ।

### भाग - I

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**(प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहले प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा ।)**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

वास्तविक लोकगीत देश के गाँव और देहातों में हैं । इनका संबंध देहात की जनता से है। बड़ी जान होती है इनमे चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि मिर्जापुर, बनारस और उत्तर प्रदेश के पूरबी और बिहार के पश्चिमी जिलों में गाये जाते हैं। बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं। पंजाब में माहिया आदि इसी प्रकार के हैं ।

**प्रश्न :**

अ) वास्तविक लोकगीत कहाँ गाये जाते हैं ? 2M

आ) लोकगीतों का संबंध किस जनता से है ? ( ) 1M

A) देश की B) नगर की C) देहात की D) विदेश की

इ) बाउल और भतियाली किस राज्य के लोकगीत हैं ? ( ) 1M

A) पंजाब B) बिहार C) बंगाल D) उत्तर प्रदेश

ई) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से दिया गया हैं ? ( ) 1M

A) लोकगीत B) हम भारतवासी C) ईदगाह D) बरसते बादल

**2. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

ऊँच नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे ।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे ।
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे ।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

**प्रश्न :**

अ) भारतवासी किसका भेद मिटाना चाहते हैं ? **2M**

आ) भारतवासी किसका कुहासा तोडेंगे ? ( ) **1M**

A) प्यार B) नफ़रत C) ऊँच नीच D) विश्वास

इ) भारतवासी किसको पावन धाम बनायेंगे ? ( ) **1M**

A) भारत को B) आंध्रा को C) धरती को D) विश्व को

ई) विश्वास जगाने के लिए क्या भगाना चाहिए ? ( ) **1M**

A) नफरत B) निराशा C) सुख D) ऊँच नीच

**3. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

सबसे पहले तो हमें यह जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल यह अर्थ नहीं कि मुख से चुप रहे। अपितु मन को नियंत्रित कर उसे बुराई के रास्ते पर चलने से रोकना ही वास्तविक शांति है। इसलिए जहाँ शांति है, हाँ सुख है, जहाँ सुख है वही स्वर्ग है, जहाँ स्वर्ग है वही दुनिया का श्रेष्ठ स्थान है। युद्ध, दुःख, लालच और सभी पीड़ाओं को मिटाने का एकमात्र साधन है-शांति। धन-दौलत से भौतिक संपदा खरीद सकते हैं, किंतु शांति नहीं ।

**प्रश्न :**

अ) वास्तविक शांति क्या है ? **2M**

आ) जहाँ शांति होती है, वहाँ क्या होती है ? ( ) **1M**

A) दुःख B) बुराई C) सुख D) स्वर्ग

इ) सभी पीड़ाओं को मिटाने का एकमात्र साधन क्या है? ( ) **1M**

A) शांति B) धन-दौलत C) मन D) युद्ध

ई) धन दौलत से क्या खरीद नहीं सकते हैं ? ( ) **1M**

A) लालच B) शांति C) भौतिक संपदा D) दुःख

**4. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

आम फलों का राजा है। आम के पेड़ छोटे और बड़े भी होते हैं। इसका बौर बहुत खुशबूदार होता है। किसी भी ऋतु में इसके पत्ते नहीं झड़ते ।

**प्रश्न :**

अ) फलों का राजा किस फल को कहते हैं ? **2M**

आ) आम के पेड़ कैसे होते हैं ? ( ) **1M**

A) छोटे और बड़े B) हरे भरे C) ऊँचे D) मोटे

इ) आम का बौर कैसा होता है ? ( ) **1M**

A) खुशबूदार B) बदबूदार C) सुंदर D) कुरूप

ई) किसी भी ऋतु में किसके पत्ते नहीं झड़ते ? ( ) **1M**

A) केले के B) नीम के C) अनार के D) आम के

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

नन्ही गिलहरी दौड़ती जाए,
पेड़ की डाली झूलती जाए ।
मुँह में रखे मूंगफली दाना,
छिप जाए फिर पीछे ताना ।
कूद-फांदकर खेल दिखाए,
सब बच्चों को हँसाया ।

**प्रश्न :**

अ) उपरोक्त पंक्तियों में किसका वर्णन किया गया है ? **2M**

आ) गिलहरी अपने मुँह में क्या रखी है ? ( ) **1M**

A) आम B) केला C) मूँगफली D) मटर

इ) गिलहरी कहाँ झूलती है ? ( ) **1M**

A) डाली पर B) रस्सी पर C) तार पर D) झूले पर

ई) बच्चों को किसने हँसाया ? ( ) **1M**

A) गिलहरी B) फूल C) झूला D) खेल

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए। 5×1 = 5M**

काका कालेलकर का पूरा नाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है। उनका जन्म सन् 1885 में और मृत्यु सन् 1991 में हुई। इन्होंने आजीवन गांधीवादी विचारधारा का पालन किया। इन्होंने हिंदुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं ।

**प्रश्न :**

अ) काका कालेलकर का पूरा नाम ........... है ।

आ) काका कालेलकर का जन्म ............... हुआ ।

इ) काका कालेलकर ने आजीवन .............. विचारधारा का पालन किया ।

ई) काका कालेलकर ने ...................... के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की ।

उ) काका कालेलकर .................. के सदस्य भी रह चुके हैं।

**संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए ।** **5×1 = 5M**

**7. आर.पी.निशंक**

i) जन्म 15 जुलाई सन् 1959

ii) मातृभूमि के लिए

iii) आधुनिक हिंदी साहित्यकार

iv) देशभक्ति

v) समर्पण, नवंकुर, मुझे विधाता बनना है

**(या)**

**रहीम**

i) जीवनकाल 1595 - 1626

ii) पिता बैरम खाँ

iii) संस्कृत, अरबी, फारसी

iv) रहीम सतसई, बरवै नायिका भेद

v) मित्र, प्रधान सेनापति व मंत्री

## भाग - II

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए ।** **4×4 = 16M**

**8.** कनक कनक तैं .................... पाए बौराइ । (दोहे की पूर्ति कीजिए।)

**(या)**

कवि दिनकर के अनुसार कण-कण का अधिकारी कौन है ? क्यों ?

**9.** ''बिदेसिया'' लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?

**(या)**

भारत में अनेकता में एकता का प्रतीक हिंदी है । कैसे ?

**10.** ''स्वराज की नींव'' का तात्पर्य क्या है ?

**(या)**

जल स्रोतों के रखरखाव के बारे में आप क्या सुझाव देना चाहेंगे ?

11. अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइए ?

(या)

अकाल की समस्या के परिष्कार के लिए राजा ने क्या क्या उपाय सोचे होंगे ?

## भाग - III

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए ।** 1×8 = 8M

12. प्रकृति सौंदर्य के चित्रण में पंत जी बेजोड़ कवि है। ''बरसते बादल'' कविता पाठ के द्वारा सिद्ध कीजिए।

(या)

मीराबाई ने अपने पदों में गुरु की महिमा का वर्णन कैसे किया? अपने शब्दों में लिखिए ।

**किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए ।** 1×8 = 8M

13. हामिद के मन में दादी के प्रति आदर, श्रद्ध और स्नेह की भावनाएँ थीं। ईदगाह कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(या)

अब्दुल कलान के अनुसार आदर्श विद्यार्थी के क्या गुण हो सकते हैं ?

## भाग - IV

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।**

**किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** 1×8 = 8M

14. मौनिका विजयवाड़ा में रहती है। अपनी दादी से मिलने गुंटूर जाना चाहती है । तथ्य को आधार बनाकर प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

(या)

अपने बड़े भाई को जन्म दिन की बधाई देते हुए भाई के नाम पत्र लिखिए ।

15. **किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यें में लिखिए ।** 1×8 = 8M

अ)पर्यावरण और प्रदूषण

आ) कृत्रिम बुद्धिमत्ता

इ) आदर्श विद्यार्थी

ई) राष्ट्रीय त्यौहार

## भाग - V (भाषा की बात)

**निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए ।** 15×1 = 15

16. सूरज की किरणें सुहानी हैं । (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| सूरज | सूर | सूर्य |

17. दुनिया को पावन धाम बनाएँगे । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| दुनिया | बनाएँगे | पावन |

18. अठारह सौ अस्सी - (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| 1880 | 1980 | 1780 |

19. लोकगीत शास्त्रीय संगीत ........ भिन्न हैं । (सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| से | को | में |

20. बूंदे तरू से छन कर गिरती हैं। (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| नदी | पेड़ | सागर |

21. अपने प्रति ईमानदारी छात्रों के लिए सब से महत्वपूर्ण गुण है ।(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| महत्वहीन | अमहत्वपूर्ण | महतवअपूर्ण |

22. गंगाजल भारतीयों के लिए पवित्र है। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | तत्पुरुष समास | द्विगु समास |

23. पर्यावरण की रक्षा हमारा कर्त्तव्य है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| परि + आवरण | पर्य + वरण | पर्या + आवरण |

24. तुम जैसी नारियाँ स्वराज्य की नींव बनने जा रही हैं । (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| स्व | स्वर | राज्य |

25. हिंदी अपने शाब्दिक अर्थ से भी भारतीय कहलाती है । (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| ई | ईय | य |

26. मोंथा तूफान ने तबाही मचा दी । (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| तूफान | मोंथा | तबाही मचाना |

27. गायक गीत गाता है । (इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| गायक गीत गाती हैं। | गायिका गीत गाती है। | गायिका गीत गाते हैं । |

28. लड़का खेल रहा है । (इस वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| लड़की खेल रहे हैं । | लड़कों खेल रहे हैं । | लडके खेल रहे हैं । |

29. स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गाती है । (इस वाक्य का भाविष्य काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गयी । | स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गाएगा । | स्त्रियाँ ढोलक की मदद से गायेंगी । |

30. वह उसका काम करता है । (इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| वह अपना काम करता है । | वह अपनी काम करता है । | वह अपने काम करता है । |

**BLUE PRINT & MODEL PAPERS OF SSC PUBLIC EXAMINATIONS FOR THE ACADEMIC YEAR 2025-26**
**BY THE DIRECTOR OF GOVERNMENT EXAMINATIONS (SSC BOARD), A.P.**

**09H**

# हिंदी ( द्वितीय भाषा)

# HINDI (SECOND LANGUAGE)

## नमूना प्रश्न पत्र - 1 : 2025-26

## MODEL QUESTION PAPER - 1 : 2025-26

**Time : 3h.15min.** **Maximum Marks : 100**

@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@

**सूचनाएँ :**

**i ) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।**

**ii ) सभी प्रश्नों के उत्तर,उत्तर -पुस्तिका में ही लिखिए।**

**iii ) प्रश्नपत्र में कुल पाँच भाग हैं।**

**iv ) भाग II ,III ,और IV में आतंरिक विकल्प हैं।**

@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@

## भाग - I

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**(प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहला प्रश्न (अ ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।)**

**1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

आसमान में बादल घिरे रहने से सूरज की धूप का कहीं नामोनिशान तक न था। बादलों का रंग साँवला होने के कारण गोदावरी के धूलि - धूसरित मटमैले जल की झाँई और भी गहरी हो रही थी। पहाड़ों पर कुछ उतरे हुए धौले-धौले बादल तो बिल्कुल ऋषि मुनियों जैसे लगते थे।

**प्रश्न :**

अ .लेखक ने इस पाठ में किस नदी की महानता का वर्णन किया ? 2 M

आ . बादल कहाँ घिरे हैं? [ ] 1M

A) आसमान में B) धूप में C) बादलों में D)गोदावरी में

इ . धौले -धौले बादल कैसे लगते थे ? [ ] 1M

A) धौले B) पहाड़ C) ऋषि मुनि D) सूरज

ई . उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से दिया गया है? [ ] 1M

A) ईदगाह B) दक्षिणी गंगा गोदावरी C) लोकगीत D ) नीति दोहे

**2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे।
मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे।।
ऊँच-नीच का भेद मिटाकर दिल में प्यार बसायेंगे।
नफरत का हम तोड़ कुहासा अमृत रस सरसायेंगे।।
हम निराशा दूर भगाकर फिर विश्वास जगायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

**प्रश्न :**

अ . भारतवासी अपने दिल में क्या बसायेंगे ? 2M

आ . भारतवासी किसको दूर भगाना चाहते हैं? [ ] 1M

A) नफ़रत B) निराशा C) प्रेम D) कुहासा

इ . अमृत रस कैसे सरसायेंगे ? [ ] 1M

A) कुहासा तोड़कर B) निराशा को जुड़कर C ) ऊँच -नीच सहित D) श्रध्दा के साथ

ई . उपर्युक्त पद्यांश के कवि कौन है ? [ ] 1M

A ) निशंक B) दिनकर C ) पंत D) रहीम

**3) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

मंडेला के नाम से विश्व भर में प्रख्यात शांतिदूत का पूरा नाम नेल्सन रोलिहलहला मंडेला था | उनका जन्म 18 जुलाई,1918 को दक्षिण अफ्रीका में हुआ| वे दक्षिण अफ्रीका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति थे| उनके जन्म दिन को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया | दक्षिण अफ्रीका में उन्हें मदीबा कहकर बुलाया जाता है | 1993 में नोबेल शांति पुरस्कार, भारत रत्न पुरस्कार और 2008 में गांधी शांति पुरस्कार प्राप्त हुए हैं|

**प्रश्न :**

अ) दक्षिण अफ्रीका में मदीबा के नाम से विख्यात शांतिदूत कौन है ? 2m

आ) मंडेला को 1993 में कौन सा पुरस्कार मिला ? **[ ]** 1M

A) नोबेल पुरस्कार B) भारत रत्न C) गाँधी पुरस्कार D) राष्ट्र पिता

इ) गाँधी शांति पुरस्कार मंडेला को किस साल में दिया गया ? **[ ]** 1M

A) 1993 B) 2008 C) 1886 D)1947

ई) दक्षिण अफ्रीका के शांतिदूत कौन थे ? **[ ]** 1M

A) मंडेला B) गाँधीजी C) नेताजी D) बापूजी

**4) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए | 5M**

श्री ताल्लपका अन्नमाचार्य एक तेलुगु संत कवि और कर्नाटक संगीत रचयिता थे | वे दक्षिण भारत के प्रसिद्द संकीर्तनाचार्य थे | उनका जन्म 9 मई 1408 को हुआ था | उन्होंने भगवान् श्री वेंकटेश्वर की स्तुति में अनेक कीर्तन लिखे थे | तेलुगु भाषी उन्हें पद -कविता पितामह कहते हैं | उन्होंने "संकीर्तन लक्षणमु "नामक संगीत ग्रंथ लिखा था |

**प्रश्न :**

अ ) पद कविता पितामह के नाम से कौन प्रसिद्द है? 2 M

आ ) संकीर्तन लक्षणमु किसकी रचना है ? **[ ]** 1M

A ) नन्नया B) रामदास C) मोल्ला D) अन्नमाचार्य

इ ) अन्नमाचार्य किसकी स्तुति में संकीर्तन लिखे थे **[ ]** 1M

A) राम B) अर्जुन C) श्री वेंकटेश्वर D) इंद्र

ई ) अन्नमाचार्य किस भाषा के संत कवि है ? **[ ]** 1M

A) तेलुगु B) तमिल C) कन्नड़ D) मलयालम

**5) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

सूरज की किरणें आती हैं ,

सारी कलियाँ खिल जाती हैं ,

अंधकार सब खो जाता है ,

सब जग सुंदर हो जाता है।

**प्रश्न :**

अ) किरणें किसकी हैं? 2M

आ) कलियाँ कैसी हैं? **[ ]** 1M

A) खिले B)मुरझे C)सोये D)गिरे

इ ) सूरज की किरणें आने पर अंधकार क्या हो जाता है? **[ ]** 1M

A) ढल जाता है B)खो जाता है C)भाग जाता है D) दूर हो जाता है

ई) सूरज की किरणें आने पर सब जग कैसे दिखता है? **[ ]** 1M

A) कुरूप B)काला C) सफेद D) सुंदर

**6) निम्न लिखित लेखक परिचय पढकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5M**

विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् 1912 में हुआ। वे आदर्श प्रिय व्यक्ति थे। इन्हें प्रेमचन्द परंपरा का आदर्शोन्मुख यदार्थवादी लेखक कहा जाता है। 'आवारामसीहा' नामक रचना पर इन्हें सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार ने इन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया है।

**प्रश्न :**

अ) विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् - - -- - - - - में हुआ।

आ) - - -- - - - - 'आदर्शोन्मुख यदार्थवादी लेखक है।

इ) विष्णु प्रभाकर की रचना - -- - - - - - है।

ई) भारत सरकार ने विष्णु प्रभाकर को - - - - - - - -- - से सम्मानित किया।

उ ) विष्णु प्रभाकर - - -- - - - -- - - - परंपरा के लेखक थे |

**7 ) संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। 5**M

अ) बिहारी :

i) रीति काल के  कवि |

ii) पिता केशवराय |

iii) गुरु नरहरिदास |

iv) रचना  - सतसई (सप्तशती)

v) गागर में सागर भरना

**( या )**

आ) आर. पी. निशंक

i) रमेश पोखरियाल निशंक

ii) देशभक्ति

iii) आधुनिक साहित्यकार

iv) मातृ भूमि के लिए

v) समर्पण ,नवांकुर,मुझे विधाता बनना है

**भाग - II**

**II. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।                    4  x  4 = 16  M**

8) अ) रहिमन पानी - - - - - मानुष चून।। ( दोहे की पूर्ति कीजिए।)

**( या )**

आ ) कवि मेहनत करने वालों को सदा आगे रखने की बात क्यों कर हैं ?

9 )  अ) आल्हा लोकगीत के बारे में आप क्या जानते है ?

**( या )**

आ ) भारतीय संविधान में हिंदी का क्या स्थान है ?

10) अ) महारानी लक्ष्मी बाई को किस बात की चिंता थीं? वह स्वराज्य कैसे सिद्ध करना चाहती थी?

**( या )**

आ ) जल स्त्रोतों के रख -रखाव के बारे में आपके सुझाव प्रस्तुत कीजिए |

11) अ) अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइए |

**( या )**

आ) राजा कुमारवर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई होगी ?

## भाग - III

**III. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**12 . किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। 1x8 =8 M**

अ) बरसते बादल कविता में पंत जी के द्वारा प्रकृति का वर्णन किस प्रकार किया गया है अपने शब्दों में लिखिए |

**( या )**

आ) मीरा की भक्ति भावना कैसी थी? अपने शब्दों में लिखिए।

**13. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। 1x8 =8 M**

अ) ईदगाह कहानी के द्वारा हामिद के स्वभाव के बारे अपने विचार प्रस्तुत कीजिए |

**( या )**

आ) ए.पी.जे.अब्दुल कलाम के विचार में आदर्श नागरिक के लक्षण स्पष्ट कीजिए।

## भाग - IV

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**14. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1x8 = 8M**

अ) महालक्ष्मी विजयवाड़ा में रहती है | वह अपनी माँ को देखने हैदराबाद जाना चाहती है | तथ्य को आधार बनाकर प्रधानध्यापक के नाम पत्र लिखिए |

**( या )**

आ) किसी ऐतिहासिक स्थान का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखिए।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए।** **1 x 10 = 10M**

अ) स्वच्छता - हरियाली

आ) राष्ट्रीय त्यौहार - पंद्रह अगस्त

इ) आदर्श विद्यार्थी

ई) दूरदर्शन

## भाग - V (भाषा की बात)

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** **15 x 1 = 15M**

16. वर्षा ऋतु में <u>मोर</u> नाचता है। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| मोरे | मयूर | मोरी |

17. भगवान् श्रीकृष्ण ने मीरा को भक्ति रूपी अमूल्य संपत्ति दी। (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| श्रीकृष्ण | मीरा | दी |

18. अठारह सौ छियासी - (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

| | | |
|---|---|---|
| 1887 | 1868 | 1886 |

19. लोकगीतों _______ अपना महत्त्व है। (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

| | | |
|---|---|---|
| का | से | में |

20. हिंदी भाषा सीखने से नये-नये <u>रोजगार</u> मिलते हैं | (रेखांकित शब्द का सही पर्याय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए |)

| | | |
|---|---|---|
| जीविका | बेरोजगार | कार्य |

21. एक मनुष्य भाग्यवाद के <u>छल</u> से भोगता है | (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए| )

| | | |
|---|---|---|
| कपट | बुराई | निष्कपट |

22. <u>भारतवासी</u> दुनिया को पावनधाम बनाएंगे। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद समास | द्विगु समास | तत्पुरुष समास |

23. अब्दुल कलाम एक <u>निर्धन</u> बालक है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

| | | |
|---|---|---|
| निर + धन | निः + धन | नीर +धन |

24. काका कालेलकर गोदावरी नदी की <u>सुपरंपरा</u> के बारे में वर्णन किया। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

| | | |
|---|---|---|
| सुप | सु | परा |

25. हिंदी <u>अंतर्राष्ट्रीय</u> स्तर पर शोभित है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए|)

| | | |
|---|---|---|
| ईय | इया | अंतर |

26. महारानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया| (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरा शब्द पहचानिए)|

| | | |
|---|---|---|
| महारानी | लक्ष्मबाई | मौत के घाट उतारना |

27. सेना नायक आ रहा है। (वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सेना नायका आ रही है। | सेना नायिका आ रही है। | सेना नायको आ रही है । |

28. टेसी थॉमस को एक पुरस्कार मिला | (वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| टेसी थॉमस को अनेक पुरस्कार मिले | | टेसी थॉमस को कुछ पुरस्कार मिले | | टेसी थॉमस को एक पुरस्कार मिले | |

29. अंतरिक्ष यात्री यान की सहायता से भूमि पर उतरे। (वाक्य का भविष्यत काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| अंतरिक्ष यात्री यान की सहायता से भूमि पर उतरे थे| | अंतरिक्ष यात्री यान की सहायता से भूमि पर उतर रहे हैं | | अंतरिक्ष यात्री यान की सहायता से भूमि पर उतरेंगे | |

30. वह ने यह काम किया । (वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए |)

| | | |
|---|---|---|
| वह काम किया | | वह ने काम किया । | उसने यह काम किया | |

09H

# हिंदी ( द्वितीय भाषा)

# HINDI (SECOND LANGUAGE)

## नमूना प्रश्न पत्र - 2 : 2025-26

## MODEL QUESTION PAPER - 2 : 2025-26

**Time : 3h.15min.** **Maximum Marks : 100**

@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@

**सूचनाएँ : i ) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।**
**ii ) सभी प्रश्नों के उत्तर,उत्तर -पुस्तिका में ही लिखिए।**
**iii ) प्रश्नपत्र में कुल पाँच भाग हैं।**
**iv ) भाग II ,III ,और IV में आतंरिक विकल्प हैं।**

@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@@

## भाग - I

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**
**(प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहले प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा।)**

**1) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

प्रिय मित्र अभिनव,

तुमने आगे की पढ़ाई के लिए द्वितीय भाषा के रूप में हिंदी विषय का चयन करने की सलाह पूछी थी। हम जान चुके हैं कि आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी का महत्वपूर्ण स्थान है। हम इससे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए आगे की पढ़ाई के लिए प्रथम भाषा हो या द्वितीय भाषा, हिंदी का चयन करना ही लाभदायक है।

...तुम्हारा प्रिय मित्र बशीर अहमद

**प्रश्न :**

अ) हिंदी सीखने से हम क्या कर सकते हैं? 2M

आ) हिंदी विषय का चयन करने की सलाह किसने ली ? [ ] 1M

A) अभिनव B) अहमद C) हामिद D) केशव

इ) आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी का स्थान क्या है? [ ] 1M

A) निराशाजनक B) महत्वहीन C) महत्वपूर्ण D) नष्टदायक

ई) अभिनव और बशीर अहमद का संबंध क्या है? [ ] 1M

A) भाई-भाई B) पिता-पुत्र C) अध्यापक-छात्र D) मित्र

**2) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे।
सत्य, अहिंसा, त्याग, समर्पण की बगिया महकायेंगे।।
जग के सारे क्लेश मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनायेंगे।
विश्वबंधुत्व का मूल मंत्र हम, दुनिया में सरसायेंगे।।

**प्रश्न :**

अ) भारतवासी कैसी बगिया को महकाना चाहते हैं? 2M

आ) धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं? [ ] 1M

A) प्रेम को मिटाकर B) क्लेश को मिटाकर C) सत्य को मिटाकर D) विश्वबंधुत्व को मिटाकर

इ) भारतवासी श्रद्धा और प्रेम का दृश्य कहाँ दिखाना चाहते हैं? [ ] 1M

A) घर में B) काम में C) त्याग में D) मन में

ई) भारतवासी कौन-सा मूल मंत्र दुनिया में सरसाना चाहते हैं? [ ] 1M

A) विश्व बंधुत्व का B) अहिंसा का C) समर्पण का D) श्रद्धा का

**3) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

पुराने स्कूल में उसके बहुत सारे मित्र थे और सभी अध्यापक भी उसे पसंद किया करते थे। वह सब से खुशी-खुशी मिलता और मुस्कुराकर 'हैलो' कहता। जब भी कोई कठिनाई में होता तो राजू सबसे पहले उसकी मदद के लिए पहुँच जाता। उसके पुराने स्कूल में कभी किसी ने उसकी कमज़ोरी की ओर भी ध्यान नहीं दिया-उसकी टांगें बहुत पतली और दुर्बल थीं।

**प्रश्न :**

अ) किसकी टांगे बहुत पतली और दुर्बल थी? 2M

आ) राजू सभी मित्रों से कैसे मिलता था? [ ] 1M

A) उदासी से B) क्रोध से C) खुशी-खुशी से D) ईर्ष्या से

इ) जब कोई कठिनाई में होता तो राजू क्या करता था? [ ] 1M

A) अवहेलना करना B) हँसना C) चिल्लाना D) मदद करना

ई) राजू के बहुत सारे मित्र किस स्कूल में थे? [ ] 1M

A) पुराने B) नए C) शहर के D) विदेश के

**4) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

i) पर्यावरण किसी की संपत्ति नहीं है, जिसे नष्ट किया जाए। इसकी रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। - मोहित अगादी
ii) पृथ्वी को भी प्रदूषण के बिना जीने का अधिकार है। - इवो मोरालेस
iii) पृथ्वी हर व्यक्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराती है, लेकिन हर व्यक्ति के लालच को पूरा करने के लिए नहीं। - महात्मा गांधी

**प्रश्न :**

अ) पृथ्वी को भी किसके बिना जीने का अधिकार है? 2M

आ) ये नारे किस विषय से संबंधित हैं? [ ] 1M

A) देशभक्ति B) राजनीति C) आर्थिक D) पर्यावरण

इ) पृथ्वी किन की जरूरतों को पूरा करने के लिए संसाधन उपलब्ध कराती है? [ ] 1M

A) धनी लोगों की B) हर व्यक्ति की C) स्वार्थी लोगों की D) कुछ लोगों की

ई) पर्यावरण की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। - यह किसका नारा है? [ ] 1M

A) मोहित शर्मा B) महात्मा गांधी C) मोहित अगादी D) इवो मोरालेस

**5) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए। 5M**

गिरने से डरना नहीं, हर बार उठना सीख,
हार जीत का खेल है जीवन, अनुभवों को लिख।
हिम्मत हो अगर दिल में, पहाड़ भी झुक जाएगा,
जो खुद पर रखे भरोसा, समय भी रुक जाएगा।

**प्रश्न :**

अ) कवि के अनुसार जीवन किस तरह का खेल है? 2M

आ) दिल में हिम्मत होने से क्या झुक जाएगा? [ ] 1M

A) नदी B) पेड़ C) पहाड़ D) सागर

इ) हमें किससे नहीं डरना चाहिए? [ ] 1M

A) उठने से B) गिरने से C) अनुभव से D) समय से

ई) कवि के अनुसार हमें किस पर विश्वास रखना चाहिए? [ ] 1M

A) खुद पर B) दूसरों पर C) धन पर D) भाग्य पर

**6) निम्नलिखित लेखक परिचय पढकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5 X 1 = 5M**

काका कालेलकर का पूरा नाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है। उनका जन्म सन् 1885 में और मृत्यु सन् 1991 में हुई। इन्होंने आजीवन गांधीवादी विचारधारा का पालन किया। इन्होंने हिन्दुस्तानी प्रचार सभा, वर्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं।

**प्रश्न :**

अ) काका कालेलकर का पूरा नाम …………………… है।

आ) काका कालेलकर की मृत्यु सन् …………………… में हुई।

इ) …………………… ने आजीवन गांधीवादी विचारधारा का पालन किया।

ई) काका कालेलकर …………………… के सदस्य भी रह चुके हैं।

उ) काका कालेलकर ने …………………… की खूब सेवा की।

**7) संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए। 5 X 1 = 5M**

**अ) बिहारी**

i) जन्म 1595 में

ii) मृत्यु 1663 में

iii) सतसई

iv) दोहे नीतिपरक

v) गागर में सागर भरना

**( या )**

**आ) सुमित्रानंदन पंत**

i) जन्म 1900 में अल्मोड़ा में

ii) मृत्यु 1977 में

iii) प्रकृति के बेजोड़ कवि

iv) ज्ञानपीठ पुरस्कार

v) वीणा, ग्रंथि, पल्लव

## भाग - II

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।** **4 x 4 = 16M**

8) अ) सावन में प्रकृति की सुंदरता पर अपने विचार लिखिए।

**( या )**

आ) कहि रहीम संपति ………… साँचे मीत ।। - दोहे की पूर्ति कीजिए।

9) अ) हामिद ने चिमटा क्यों खरीदा?

**( या )**

आ) हिंदी देश को जोड़ने वाली खड़ी है इस पर अपने विचार लिखिए।

10) अ) एकांकी के आधार पर बताइए कि स्वराज की नींव का क्या तात्पर्य है?

**( या )**

आ) जल संरक्षण के बारे में आपके सुझाव लिखिए।

11) अ) अरुणा व चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में अपने विचार बताइए।

**( या )**

आ) अकाल की समस्या के परिष्कार के लिए राजा ने क्या-क्या उपाय सोचे होंगे?

## भाग - III

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**12 . किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए।** **1 x 8 =8M**

अ) मेहनत ही सफलता की कुंजी है। 'कण-कण का अधिकारी' पाठ के आधार पर इसे स्पष्ट कीजिए।

**( या )**

आ) मीरा बाई के पदों में माधुर्य गुण प्रमुख है| मीरा के पद के आधार पर पद का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

**13. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए। 1 x 8 = 8M**

अ) मनोरंजन की दुनिया में लोकगीतों का महत्वपूर्ण स्थान है। 'लोकगीत' पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए।

**( या )**

आ) कलाम जी के अनुसार अच्छे नागरिक बनने के लिए कौन से गुण होने चाहिए?

## भाग - IV

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**14. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1 x 8 = 8M**

अ) रवि काकिनाडा में रहता है। उसे कुछ पुस्तकों की आवश्यकता है। तथ्य को आधार बनाकर आवश्यक पुस्तकें माँगते हुए पुस्तक विक्रेता के नाम पत्र लिखिए।

**( या )**

आ) व्यायाम करने की आवश्यकता बताते हुए अपने भाई के नाम पत्र लिखिए।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए। 1 x 10 = 10M**

**अ)** स्वच्छ भारत अभियान

**आ)** राष्ट्रीय त्यौहार - 2 अक्टूबर

**इ)** पुस्तकालय

**ई)** दूरदर्शन

## भाग - V (भाषा की बात)

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। 15 x 1 = 15M**

16) यह <u>बरसात</u> का समय है। (रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| वर्षा | वर्ष | वारिस |

17) सावन के मेघ झम-झम बरसते हैं। (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सावन | झम-झम | बरसते |

18) पंद्रह सौ छप्पन - (हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| 1566 | 1556 | 1656 |

19) गरबा लोकगीत गुजरात …….. गाया जाता है। (सही कारक चिह्न को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| को | में | से |

20) उनको सही राह दिखाएँगे। (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| रास्ता | जीवन | विश्वास |

21) हामिद चिमटा खरीदना चाहता है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| लाना | पकड़ना | बेचना |

22) वह भुजबल पर विश्वास करता है। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद समास | तत्पुरुष समास | द्विगु समास |

23) सूर्योदय से पहले वह जागता है। (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सूर्य + उदय | सूर्या + उदय | सूर्य + ओदय |

24) हमें <u>निराशा</u> को दूर भागना चाहिए। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| निरा | निर् | नि |

25) हमें देशभक्ति की <u>आवश्यकता</u> है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| कता | ता | आ |

26) अब पेश्वा की आंखें खुलेंगी। (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे को विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| अब पेश्वा | पेश्वा की आंखें | आंखें खुलेंगी |

27) वह रविदास का शिष्य है। (इस वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| वह रविदास का शिष्या है। | वह रविदास की शिष्या है। | वे रविदास की शिष्या है। |

28) लड़की गाना गाती है। (इस वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| लड़कियाँ गाना गाती हैं। | लड़कियाँ गाना गाते हैं। | लड़कीयाँ गाना गाते हैं। |

29) लोग सुख-चैन से रह रहे थे।

(इस वाक्य का भविष्यत काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| लोग सुख-चैन से रहते हैं। | लोग सुख-चैन से रह रहे हैं। | लोग सुख-चैन से रहेंगे। |

30) हम कसरत करना चाहिए। (इस वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| हमसे कसरत करना चाहिए। | हमें कसरत करना चाहिए। | हमने कसरत करना चाहिए। |